
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**05 सितंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षक वो नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन डाले बल्कि वास्तविक

शिक्षक वो है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

**( भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति )**

जन्म : **05** सितंबर **1888** मृत्यु : **17** अप्रैल **1975**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# शिक्षक दिवस 5 सितंबर




भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन स्टूडेंट्स के जीवन को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका वाले शिक्षकों को समर्पित है। हमारे यहां यह दिन इसी तारीख को मनाने का अपना अलग महत्व है। दरअसल, यह दिन खासतौर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में मनाया जाता है, जिनका जन्म 5 सितंबर, 1888 को हुआ था। डॉ. राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति होने के साथ ही एक महान विद्वान, दार्शनिक और भारत रत्न प्राप्तकर्ता थे। यह दिन स्टूडेंट्स के जीवन को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका वाले शिक्षकों को समर्पित है। हमारे यहां यह दिन इसी तारीख को मनाने का अपना अलग महत्व है।एक शिक्षक और एक विद्यार्थी का सम्बन्ध अनूठा होता है। विद्यार्थी श्रद्धा भाव रखकर ज्ञान रूपी अमृत प्राप्त करता है , और शिक्षक अभिभावक की तरह ज्ञान प्रदान करते है। शिक्षक केवल अपने विद्यार्थियों को खुश और सफल देखना चाहते हैं। एक अच्छा शिक्षक कभी अपना धैर्य नहीं खोता और हर विद्यार्थी के अनुसार पढ़ाता है।इस दिन स्कूल व कॉलेजों में छात्र छात्राएं अपने शिक्षकों के सम्मान में भाषण देकर या कविताएं पढ़कर उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।




**सर्वपल्ली राधाकृष्णन** ( *Sarvepalli Radhakrishnan*, जन्म: 5 सितंबर 1888; मृत्यु: 17 अप्रैल, 1975) स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। उन्होंने डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाया। उनका कार्यकाल 13 मई, 1962 से 13 मई, 1967 तक रहा। उनका नाम भारत के महान् राष्ट्रपतियों की प्रथम पंक्ति में सम्मिलित है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के लिए सम्पूर्ण राष्ट्र इनका सदैव ऋणी रहेगा।

# लधुत्तम समापवर्तक (L.C.M)

## ल.स. निकालने की विधि

2. गुणनखंड विधि द्वारा ल.स. निकालना

जैसे -12 तथा 16 का ल.स

$$12 = 2 \times 2 \times 3$$
$$16 = 2 \times 2 \times 2 \times 2$$

यहां 2 का सबसे बड़ा खंड है $2\times2\times2\times2$
तथा 3 का सबसे बड़ा खंड है 3
इसलिए ल.स.$=2\times2\times2\times2\times3=48$

Anu Priya, Science Teacher

ICC वनडे

# ऑलराउंडर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | रेटिंग | देश (टीम) |
|---|---|---|---|
| 1 | सिकंदर रजा | 302 | जिम्बाब्वे (ZIM) |
| 2 | अजमतुल्लाह उमरजई | 296 | अफगानिस्तान (AFG) |
| 3 | मोहम्मद नबी | 292 | अफगानिस्तान (AFG) |
| 4 | मेहदी हसन मिराज | 249 | बांग्लादेश (BAN) |
| 5 | माइकल ब्रेसवेल | 246 | न्यूज़ीलैंड (NZ) |
| 6 | मिचेल सैंटनर | 238 | न्यूज़ीलैंड (NZ) |
| 6 | राशिद खान | 238 | अफगानिस्तान (AFG) |
| 8 | ब्रैंडन मैकमुलन | 235 | स्कॉटलैंड (SCO) |
| 9 | रवींद्र जडेजा | 220 | भारत (IND) |
| 10 | रचिन रवींद्र | 216 | न्यूज़ीलैंड (NZ) |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द **05.09.2025**

## शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस का उद्देश्य छात्रों को ज्ञान प्रदान करने और उनमें मूल्यों का निर्माण करने में शिक्षकों के योगदान को स्वीकार करना है। यह छात्रों को अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। यह परंपरा **1962** में शुरू हुई, जब भारत सरकार ने डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया। यह घोषणा उनके इस अनुरोध के बाद की गई थी कि उनके जन्मदिन को व्यक्तिगत उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षकों को समर्पित एक दिन के रूप में मनाया जाए।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



महाराष्ट्र के कारंजा शहर में इस वर्ष पर्यावरण पूरक गणेशजी की मूर्ति बनाई गई। इसकी विशेषता यह है कि इसे अनाज के रूप में इस्तेमाल होने वाली दालों से बनाई गई है। इस मूर्ति में 10 से 12 प्रकार की दालों का इस्तेमाल कर मूर्ति बनाई गई है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### अदरक



मुझमें vit.C, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, जिंक, कॉपर, मैंगनीज आदि पाया जाता है।

Anu priya

# Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Knight



योद्धा

Night



रात



Anupriya

# पद्य पंकज

"

आंधी आई जोर शोर से,
डाले टूटी है झकोर से,
उडा घोंसला अंडे फूटे,
किसके दुखू की बात  कहेगी,
अब ये चिड़िया कहा रहेगी ?

महादेवी वर्मा

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


हर्ष और आनंद से परिपूर्ण जीवन केवल
ज्ञान और विज्ञान के आधार पर संभव है.
- सर्वपल्ली राधाकृष्णन
पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद्
भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली
राधाकृष्णन
की जयंती पर
उन्हें शत्-शत् नमन।
5 सितंबर 1888-17 अप्रैल 1975
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar